दिनांक : **15.01.2026** समय : **07.10AM**

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन नई दिल्ली में आज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे शुभारंभ।
- मध्यप्रदेश रीजनल एआई इन्पैक्ट कांफ्रेंस-2026 का आयोजन आज भोपाल में।
- प्रधानमंत्री आवास में मध्यप्रदेश को मिली एतिहासिक उपलब्धि।
- भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन में मध्यप्रदेश प्रथम।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री सीएसपीओसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही चार अर्ध-स्वायत्त संसद भी सम्मेलन में शामिल रहेंगे।
सम्मेलन में समकालीन संसदीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर गहन चर्चा होगी, जिसमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका भी शामिल है। अन्य विषयों में संसदीय कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, संसद की सार्वजनिक समझ को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियाँ और मतदान से परे नागरिक भागीदारी जैसे विषय भी शामिल होंगे।
जयपुर - सेना दिवस परेड
जयपुर में आज 78वें सेना दिवस परेड का आयोजन है। जगतपुरा के महल रोड पर सेना अपने अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी परेड में शामिल रहेंगे। अंतिम तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और सुरक्षा कड़ी कर दी गई हैं। इस वर्ष का यह आयोजन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पहली बार सेना दिवस परेड किसी पारंपरिक छावनी क्षेत्र से बाहर आयोजित की जा रही है।
श्री महाकाल महोत्सव
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री महाकाल महोत्सव श्रद्धालुओं को आध्यात्म, धर्म और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ने का माध्यम है। इससे श्रद्धालुओं को बाबा का आशीर्वाद भी मिलेगा, और उज्जैन की जानकारी भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रात उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग है ,दोनों ज्योतिर्लिंग की कनेक्टविटी सड़क, वायु और रेल मार्ग से बढ़ाकर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। उज्जैन में विकास का नया अध्याय जोड़ा जा रहा है।

मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' में एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए मध्यप्रदेश के रणनीतिक रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे। यह कांफ्रेंस एआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत की थीम पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इससे एआई आधारित शासन, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अकादमिक और उद्योग समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ प्रदेश सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश 'इनोवेशन एक्सपो' का शुभारंभ भी किया जाएगा, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शो-केस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्ट-अप प्रतियोगिता शामिल होंगी। कांफ्रेंस में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह और आईआईटी इंदौर के निदेशक सुहास एस. जोशी संबोधित करेंगे।
जैविक खेती

उमरिया जिले के किसान अपनी कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने और उत्पादन बढ़ाने के लिए जैविक खेती अपना रहे हैं। जैविक खाद और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ रही है और किसानों को स्वस्थ एवं उच्च गुणवत्ता वाली फसल मिल रही है। साथ ही, किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्रों और सिचाई तकनीकों का उपयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल करना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खेती को सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का अभियान अब उभरते किसानों के प्रयासों में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है।

प्रधानमंत्री आवास-उपलब्धि

मध्यप्रदेश के प्रधानमंत्री आवास को देश के आईजीबीसी एनईएसटी प्लस रेटिंग में सबसे पहले प्रमाणित होने की ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है। यह देश का पहला प्रधानमंत्री आवास है, जिसे यह उपलब्धि हासिल हुई है। मध्यप्रदेश को यह गौरव गुना जिले के आरोन क्षेत्र की ग्राम पंचायत पतलेश्वर के हितग्राही प्राणचंद के प्रधानमंत्री आवास के कारण मिला है। यह प्रमाणन ग्रामीण क्षेत्रों में सतत, पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा-दक्ष आवास निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। इस प्रधानमंत्री आवास में ऊर्जा संरक्षण, जल दक्षता, बेहतर आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे ग्रीन बिल्डिंग मानकों को प्रभावी रूप से अपनाया गया है। यह उपलब्धि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले नवीन आवासों को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल एवं भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन'

मध्यप्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित क़ी है। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' के क्रियान्वयन में पूरे देश में सिरमौर बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर की शोध पत्रिकाओं (जर्नल्स) और डिजिटल लाइब्रेरी तक विद्यार्थियों की पहुंच बनाने में मध्यप्रदेश ने कर्नाटक और राजस्थान जैसे राज्यों को काफी पीछे छोड़ दिया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' पोर्टल पर पंजीयन कराने में प्रदेश देश में सबसे आगे हैं। प्रदेश के कुल 617 उच्च शिक्षण संस्थानों ने अब तक पोर्टल पर पंजीयन कराया है। दूसरे नंबर पर कर्नाटक राज्य है, यहां के 480 संस्थानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

संकल्प से समाधान अभियान-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश कल मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत संभागीय अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक भ्रमण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करें। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित गतिविधियां भी संचालित की जाएं।

क्रिकेट

विमेंस प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल रात दिल्ली कैपिटल्स ने नवी मुंबई में यूपी वॉरियर्स को 7 विकेट से हरा दिया। दिल्ली ने 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित बीस ओवर में तीन विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की।

वहीं न्यूज़ीलैंड ने कल रात राजकोट में भारत को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से हरा दिया। तीन मैचों की श्रृंखला अब 1-1 से बराबरी पर है। इस सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार

- सतना कलेक्टर ने प्रयागराज में 15 फरवरी तक चलने वाले माघ मेला के संबंध में प्रबंधों और तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
- खण्डवा में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए सदस्यों की आज बैठक आयोजित की जाएगी।
- डिंडोरी में बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से संचालित 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- ग्वालियर जिले में भी महिला सशक्तिकरण को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय होंसलों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।
- इंदौर के भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में अभियान स्वास्थ्यवर्धन के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग तथा इंडेक्स आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर 56 हजार 964 कृषकों से अब तक 4 लाख 76 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित की जा चुकी है।
- निवाड़ी कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने योजनांतर्गत कार्यों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

**(1)** श्री महाकाल महोत्सव- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री महाकाल महोत्सव श्रद्धालुओं को आध्यात्म, धर्म और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ने का माध्यम है। इससे श्रद्धालुओं को बाबा का आशीर्वाद भी मिलेगा, और उज्जैन की जानकारी भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रात उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग है ,दोनों ज्योतिर्लिंग की कनेक्टविटी सड़क, वायु और रेल मार्ग से बढ़ाकर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। उज्जैन में विकास का नया अध्याय जोड़ा जा रहा है।

**(2)** मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' में एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए मध्यप्रदेश के रणनीतिक रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे। यह कांफ्रेंस एआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत की थीम पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इससे एआई आधारित शासन, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अकादमिक और उद्योग समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ प्रदेश सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश 'इनोवेशन एक्सपो' का शुभारंभ भी किया जाएगा, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शो-केस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्ट-अप प्रतियोगिता शामिल होंगी। कांफ्रेंस में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह और आईआईटी इंदौर के निदेशक सुहास एस. जोशी संबोधित करेंगे।

**(3)** जैविक खेती- उमरिया

उमरिया जिले के किसान अपनी कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने और उत्पादन बढ़ाने के लिए जैविक खेती अपना रहे हैं। जैविक खाद और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ रही है और किसानों को स्वस्थ एवं उच्च गुणवत्ता वाली फसल मिल रही है। साथ ही, किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्रों और सिचाई तकनीकों का उपयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल करना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खेती को सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का अभियान अब उभरते किसानों के प्रयासों में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है।

**(4)** प्रधानमंत्री आवास, उपलब्धि -प्रदेश

मध्यप्रदेश के प्रधानमंत्री आवास को देश के आईजीबीसी एनईएसटी प्लस रेटिंग में सबसे पहले प्रमाणित होने की ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है। यह देश का पहला प्रधानमंत्री आवास है, जिसे यह उपलब्धि हासिल हुई है। मध्यप्रदेश को यह गौरव गुना जिले के आरोन क्षेत्र की ग्राम पंचायत पतलेश्वर के हितग्राही प्राणचंद के प्रधानमंत्री आवास के कारण मिला है। यह प्रमाणन ग्रामीण क्षेत्रों में सतत, पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा-दक्ष आवास निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। इस प्रधानमंत्री आवास में ऊर्जा संरक्षण, जल दक्षता, बेहतर आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे ग्रीन बिल्डिंग मानकों को प्रभावी रूप से अपनाया गया है। यह उपलब्धि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले नवीन आवासों को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल एवं भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**(5)** 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन'-प्रदेश

मध्यप्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' के क्रियान्वयन में पूरे देश में सिरमौर बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर की शोध पत्रिकाओं (जर्नल्स) और डिजिटल लाइब्रेरी तक

विद्यार्थियों की पहुंच बनाने में मध्यप्रदेश ने कर्नाटक और राजस्थान जैसे राज्यों को काफी पीछे छोड़ दिया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' पोर्टल पर पंजीयन कराने में प्रदेश देश में सबसे आगे हैं। प्रदेश के कुल 617 उच्च शिक्षण संस्थानों ने अब तक पोर्टल पर पंजीयन कराया है। दूसरे नंबर पर कर्नाटक राज्य है, यहां के 480 संस्थानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

**(6)** संकल्प से समाधान अभियान-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश कल मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत संभागीय अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक भ्रमण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करें। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित गतिविधियां भी संचालित की जाएं।

..................